उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**मंगलवार, 10 कार्तिक, शक संवत्, 1933**
**( दिनांक : 01 नवम्बर, 2011 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।
3. निधन के निदेश।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के ग्राम साड़ा, सिरोर, नेताला, सिल्याण, न्यू डिडसारी, क्यार्क आदि भूस्खलन प्रभावित ग्रामों को पुर्नवासित किये जाने संबंधी" श्री खुशपाल सिंह पुत्र श्री कुन्दन सिंह, ग्राम साड़ा पोस्ट मुस्टिकसौड़ा, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
6. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में सिलकुरा (मनेरी) ग्राम ओंगी से ग्राम मंजगांव होते हुए ग्राम जखोल तक लगभग 12 कि0मी0 मोटर मार्ग स्वीकृत करने के संबंध में" श्री गौर सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह, ग्राम जखोल पोस्ट गोरसाली, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में सिलपड़ी से सिल्ला, पिलंग, जौड़ाव तक मोटर मार्ग निर्माण करने के संबंध में" श्री नागेन्द्र सिंह चौहान, पुत्र श्री अव्वल सिंह, ग्राम जखाल पोस्ट गोरसाली, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
9. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
11. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

12. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

13. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोकायुक्त विधेयक, 2011 पर विचार किया जाय **(दो घण्टा)**।

| प्रस्तावक का नाम | | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| (क) | 1. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>2. श्री गोविन्द सिंह कुन्जवाल,<br>3. श्रीमती अमृता रावत,<br>4. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>5. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>6. श्री किशोर उपाध्याय,<br>7. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>8. श्री तिलक राज बेहड़,<br>9. श्री बलबीर सिंह नेगी,<br>10. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>11. श्री केदार सिंह रावत,<br>12. श्री राजेश जुवांठा, | उत्तराखण्ड लोकायुक्त विधेयक, 2011 को विधान सभा की एक प्रवर समिति के सुपर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |
| (ख) | श्री पुष्पेश त्रिपाठी | तदैव |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

14. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोकायुक्त विधेयक, 2011 पारित किया जाय।

15. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2011 पर विचार किया जाय **(आधा घण्टा)**।

16. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2011 पारित किया जाय।

17. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

18. जन-गण-मन। (देखिए नत्थी **"घ"** )

**आज्ञा से,**

**(डी0 पी0 गैरोला)**
**प्रमुख सचिव।**

**देहरादून :**
**दिनांक : 01 नवम्बर, 2011**

द्वितीय सत्र, 2011
का द्वितीय मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 10 कार्तिक, शक संवत्, 1933

## ( दिनांक : 01 नवम्बर, 2011 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल<br>13.09.2011 | ** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत कुल ऐसे कितने विद्यालय है जो एक ही शिक्षक/शिक्षा मित्र द्वारा संचालित किये जा रहे है? क्या जू0हा0 स्कूल पाली में एक ही शिक्षक नियुक्त है, जिसके फलस्वरूप जनगणना में शिक्षक को विवश होकर स्कूल बन्द करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में जांच कर कोई कारगर कदम उठायेगी? | शिक्षा |

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 10 कार्तिक, शक संवत्, 1933

## ( दिनांक : 01 नवम्बर, 2011 )

## नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह
04.07.2011

*1. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहस्त्रधारा रोड स्थित आई0टी0 पार्क में इकाईयॉ स्थापित करने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया है? यदि हां, तो क्या? क्या सिंगल विन्डो सिस्टम के तहत उद्योगपतियों को आकर्षित करने की कोई योजना है? यदि हां, तो इसे कब तक अमल में लाया जायेगा? यदि नहीं, ता क्यों? — औद्योगिक विकास

श्री कुलदीप कुमार
07.09.2011

*2. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में चल रहे उद्योगों में ठेकेदारी प्रथा पर कितने लोग कार्य कर रहे है तथा ठेकेदारी प्रथा में एक व्यक्ति कितने वर्षों तक कार्य कर सकता है? क्या सरकार ठेका व्यवस्था समाप्त करने के लिये कोई कानून बना रही है? — श्रम

श्रीमती अमृता रावत
09.09.2011

*3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि फार्मासिस्टों से उत्तराखण्ड राज्य में शिडयूल एच की दवाइयों के वितरण पर प्रतिबन्ध लगाया गया है? क्या यह सत्य है कि इसके कारण राज्य में चिकित्सा सेवाओं पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को चिकित्सा सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ? क्या यह भी सत्य हे कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अधिकांश चिकित्सालयों में चिकित्सकों के पद एक लम्बी अवधि से रिक्त हैं? यदि हां, तो उक्त चिकित्सालयों में शिडयूल एच की दवाइयां देने की क्या व्यवस्था है तथा उत्तराखण्ड राज्य में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है? ? — स्वास्थ्य

श्री ओम गोपाल
13.09.2011

*4. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत कोटेश्वर बांध में पानी रोकने के कारण डोभालगांव, मूलाणी, सौंटियालगांव व सैण के आवासीय भवनों एवं जमीन पर दरारें पड चुकी है जिससे उक्त गांव वासियों के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है? यदि हां, तो क्या कोटेश्वर बांध से प्रभावित खतरे की जद में आ चुके उक्त गांवों को विस्थापित किया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — सिंचाई

# 'नत्थी ग'

कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 की बैठक में दिनांकः 01 नवम्बर, 2011 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः—

**नवम्बर, 2011**
01 (मंगलवार)

विधायी कार्य।

1. उत्तराखण्ड लोकायुक्त विधेयक, 2011 पर विचार एवं पारण। (2 घण्टा)
2. पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2011 पर विचार एवं पारण। (आधा घण्टा)

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "घ"

## राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य-विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि-तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य-विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।